i:lkj Hkkjrh

vkdk'kok.kh f'keyk

13-05-2026@iknf'kd lekpkj@11%00ct:

pvkj!hlh "#!rky

हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों ने अभी तक वेतन न मिलने के चलते आज अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। एचआरटीसी ड्राईवर यूनियन के अध्यक्ष मान सिंह ने बताया कि परिवहन निगम कर्मियों को हर महीने देरी से वेतन मिल रहा है और 13 तारीख होने के बावजूद भी अभी तक प्रदेश में 12 हजार से अधिक एचआरटीसी कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की लंबित देनदारियों और मेडिकल बिलों का भी भुगतान नहीं हो रहा है। ऐसे में निर्णय लिया गया है कि जब तक वेतन कर्मचारियों के खातों में नहीं आता, प्रदेश में आज से बसों का संचालन बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज प्रदेश के 27 डिपो में 10 बजे से बसें खड़ी कर दी गई हैं।

%h! ijh&kk

नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने लाखों विद्यार्थियों और उनके परिवारों की मेहनत पर आघात बताते हुए मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में गठित विशेष समिति से करवाने की मांग की है। अनुराग शर्मा ने कहा कि देशभर में करीब 24 लाख विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा दी थी, जबकि हिमाचल प्रदेश में लगभग 32 हजार छात्रों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था। उन्होंने कहा कि छात्र वर्षों तक घर से दूर रहकर, कर्ज लेकर और दिन–रात मेहनत कर मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं उनके भविष्य के साथ बड़ा खिलवाड़ है, जिसकी वजह से लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं।

%'j f%dk(p%ko

पंचायतीराज चुनावों को लेकर जहां राजनीतिक सरगर्मियां तेज़ हैं वहीं राज्य के दूरदराज क्षेत्रों तक इन चुनावों को संपन्न करवाने की तैयारियां जोरों पर हैं। चम्बा जिला में इस बार करीब चार लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाएंगे जिसके लिए जिले में एक हजार 20 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। 4 हजार 5 सौ मीटर की ऊंचाई पर स्थित मतदान केंद्र चस्क भटोरी जिला का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र है। वहीं जिले में 7 मतदाता सौ वर्ष से अधिक उम्र के हैं जिनमें भटियात विकास खंड की 109 वर्षीय आशा देवी सर्वाधिक उम्रदराज मतदाता है। जिले में इस बार एक हजार 7 सौ 41 युवा पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

वहीं कुल्लू में नगर परिषद् चुनाव में महिलाएं बढ़चढ़कर भाग ले रही हैं। नगर परिषद् अध्यक्ष का पद महिला के लिए आरक्षित है जिसके चलते महिलाओं की भागीदारी पहले से ज्यादा नज़र आ रही है। दिलचस्प बात यह है कि महिलाएं सिर्फ महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों पर ही चुनाव नहीं लड़ रही

हैं बल्कि अनारक्षित वार्डो से भी चुनाव मैदान में है तथा पुरूष उम्मीदवारों को सीधी टक्कर दे रही है।। नगर परिषद के कुल 11 वार्डों में 27 महिला उम्मीदवार मैदान में हैं।

i(koj.k lj&k.k

पर्यावरण संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी है और कुल्लू जिला में एक महिला समूह ने इस दिशा में बेहरतीन उदाहरण पेश किया है। यहां राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के तहत काईसधार में 15 महिलाओ के समूह ने एक हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण व् बाड़ाबंदी का कार्य करते हुए देवदार और बान के पौधे रोपित किए है। पेश है एक रिपोर्ट...

महिलाओं का हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है वे न केवल अपनी जिम्मेवारियां निभा रही हैं बल्कि समाज को जागरूक करने में अपनी अग्रणी भूमिका को निभा रही हैं। इसी का एक प्रेरणादायक उदाहरण कुल्लू जिला के राधारानी मंडल बुआई ने प्रस्तुत किया है। मंडल की 15 महिलाओं ने फोरेस्ट रेंज भुटटी के काईसधार बीट में पौधारोपण कर हरियाली का सन्देश दिया है। महिलाओं ने घरेलू जिम्मेवारियों के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल की है। राधारानी मंडल बुआई की महिलाओं ने राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के तहत काईसधार में एक हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण व बाड़ाबंदी का कार्य करते हुए देवदार और बान के पौधे रोपित किए। महिलाएं केवल पौधरोपण तक ही सीमित नहीं रही बल्कि इन पौधों की देखरेख की जिम्मेवारी भी मंडल ने स्वयं उठाई है। इसके अलावा पौधों को पशुओं से बचाने के लिए एक हेक्टेयर क्षेत्र में तारबंदी भी की गई है। इन महिलाओं का मानना है कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेवारी है और इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। आकाशवाणी के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा।

p%ko vk(|,r

प्रदेश में चल रहे पंचायतीराज चुनावों की तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए देश के चुनाव आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू ने कल शिमला के शोघी स्थित एक मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं समेत आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चुनाव आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची का पुर्नरीक्षण पूरी पारदर्शिता और शुद्धता के साथ समय पर पूरा किया जाना सुनिश्चित हो ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी व सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं।

tch!h Hkrh

राज्य चयन आयोग द्वारा आयोजित जेबीटी भर्ती परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवारों की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया फिलहाल स्थगित कर दी गई है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इन उम्मीदवारों की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 22 मई से आरंभ होनी थी, लेकिन प्रशासनिक कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसका शेड्यूल बाद में जारी किया जाएगा।

वहीं राज्य चयन आयोग ने हाल ही में संपन्न सहायक स्टाफ नर्स पदों की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों से 15 मई तक निर्धारित प्रपत्र पर विभाग के आवंटन के विकल्प आमंत्रित किए हैं। अभ्यर्थी ये प्रपत्र आयोग के कार्यालय में अथवा ईमेल के ज़रिए भेज सकते हैं।